**प्रेस नोट दिनांक 30.07.2026**
**थाना बारादरी जनपद बरेली।**

**थाना बारादरी, #BareillyPolice द्वारा वर्ष 2022 के पत्नी हत्या प्रकरण में फरार ₹25,000 के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दिनांक 11.08.2022 को वादी द्वारा तहरीर देकर सूचना दी गई कि अभियुक्त नरेश वर्मा उर्फ नरेश चन्द्र वर्मा पुत्र श्री अशर्फी लाल वर्मा निवासी बुखारपुरा, थाना बारादरी (मूल निवासी मोहल्ला बुध बाजार, थाना दातागंज, जनपद बदायूँ) ने उनकी माता की जलाकर हत्या कर दी है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 768/2022, धारा 302 भा.द.वि. के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था तथा अपनी सम्पत्ति भी बेच चुका था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली द्वारा ₹25,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था। आज दिनांक 30.07.2026 को अभियुक्त नरेश वर्मा उर्फ नरेश चन्द्र वर्मा को बरेली बाईपास रोड से गिरफ्तार किया गया।

**सूचना एवं पुलिस कार्यवाहीः-**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.07.2026 को थाना बारादरी, बरेली पुलिस ने मु0अ0सं0 768/2022, धारा 302 भा.द.वि. में वांछित एवं ₹25,000 के इनामी अभियुक्त नरेश वर्मा उर्फ नरेश चन्द्र वर्मा पुत्र श्री अशर्फी लाल वर्मा, निवासी बुखारपुरा थाना बारादरी, जनपद बरेली (मूल निवासी मोहल्ला बुध बाजार, थाना दातागंज, जनपद बदायूँ) को बरेली बाईपास रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त से विस्तृत पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पूछताछ**

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके एवं उसकी पत्नी के बीच लंबे समय से आपसी मतभेद थे। उसे संदेह था कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध हैं। इसी संदेह के चलते उसने पत्नी पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से उसने अपनी जमीन-जायदाद पहले ही बेच दी थी तथा अपनी पहचान छिपाकर दिल्ली, नोएडा एवं गाजियाबाद में विभिन्न स्थानों पर नौकरी कर जीवनयापन करता रहा। अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह समय-समय पर अपने अधिवक्ता से मिलने के लिए बरेली के सुनसान स्थानों पर आता रहता था। आज भी वह अपने अधिवक्ता से मिलने के लिए बरेली आया था, तभी पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –**

नरेश वर्मा उर्फ नरेश चन्द्र वर्मा पुत्र श्री अशर्फी लाल वर्मा निवासी बुखारपुरा थाना बारादरी जिला बरेली मूल निवासी- मोहल्ला बुध बाजार थाना दातागंज जिला बदायूँ।

1.मु0अ0सं0 768/2022 धारा 302 भादवि थाना बारादरी बरेली।
2.मु0अ0सं0 0824/2006 थाना इज्जतनगर बरेली ।
3.मु0अ0सं0 2103/2006 थाना कोतवाली बरेली ।
4.मु0अ0सं0 2106/2006 थाना कोतवाली बरेली ।

**गठित टीम का विवरणः-**

- प्र0नि0 श्री बिजेन्द्र कुमार थाना बारादरी बरेली।
- व0उ0नि0 श्री शिवेन्द्र सिंह भदौरिया थाना बारादरी बरेली।
- उ0नि0 प्रदीप कुमार थाना बारादरी बरेली ।
- का0 268 गुलाब सिंह थाना बारादरी बरेली ।
- हे0का0 298 कमल सिंह एसओजी द्वितीय टीम बरेली ।
- का0 3409 हीरा लाल राठी एसओजी द्वितीय टीम बरेली ।